## सुविचार



कष्ट और विपत्ति मनुष्य को शिक्षा देने वाले श्रेष्ठ गुण हैं। जो साहस के साथ उनका सामना करते हैं, वे विजयी होते हैं।

- लोकमान्य तिलक


### बरेली के प्रमुख समाचार

- दरोगा के कमरे में लड़की की सूचना पर दौड़े हिन्दूवादी, उलटी लिखी रपट -II
- भीषण गर्मी में प्यास से जूझेगा बरेली कॉलेज -III
- नारी शक्ति ही देश की असली ताकत: डॉ. लता -IV


## सिटी ब्रीफ

### कैंट में तीन घंटे बिजली रहेगी गुल

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में शुक्रवार को तीन घंटे के लिए बिजली गुल रहेगी। अधिशासी अभियन्ता राजवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सदर कैण्ट पर 33 केवी विद्युत लाइनों के मरम्मत काम के लिए पेड़ों की कटाई और छंटाई कराई जाएगी। इस कार्य के चलते उपकेंद्र से जुड़े कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सदर बाजार, बीआई बाजार और विरांगना चौक सहित आसपास के इलाके में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक या पूर्ण रूप से बाधित रह सकती है।

### शहर में आज

- भाजपा महानगर की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति सम्मेलन गोल्डन फार्म पीलीभीत बाईपास में सुबह 10 बजे।
- रोटरी क्लब ऑफ बरेली के 75वें चार्टर दिवस समारोह में इसरो के डायरेक्टर डॉ. प्रकाश चौहान का व्याख्यान बरेली क्लब में शाम 8 :30 बजे
- बरेली कालेज में विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे।

# सिविल लाइंस-रामपुर गार्डन में बुलडोजर एक्शन

## नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण पर दिखाई सख्ती, फुटपाथ- पार्किंग स्थलों से हटाए कब्जे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना वसूलने के साथ सामान भी जब्त किया

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सिविल लाइंस, रामपुर गार्डन आदि पॉश इलाके में अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया। टीम ने अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना वसूलने के साथ ही उनका सामान भी जब्त किया। निगम की कार्रवाई से दिनभर अतिक्रमण करने वालों में हलचल मची रही।

शहर की कई सड़कों पर फुटपाथों पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। पैदल चलने के लिए बनाए गए फुटपाथों पर दिन भर दुकानें सजी रहती हैं। विकास भवन मार्ग, चौकी चौराहे से पटेल चौक, गांधी उद्यान मार्ग, वर्कशॉप लाइन में फुटपाथों पर कब्जे हैं। फुटपाथ ऐसे घिरे हैं कि पैदल चलने के लिए जगह ही नहीं बचती है। मजबूरन पैदल वाले राहगीर सड़क पर चलते हैं। कई बार नगर निगम में लोगों ने शिकायतें कीं लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पार्किंग पर भी अतिक्रमण कर लिया गया। पीएफ ऑफिस के बाहर निगम की ओर से बनाए गए फुटपाथ पर अतिक्रमण कर उन्हें घेर लिया। कहीं खाने के स्टॉल लगे हैं तो कहीं चाय, जूस आदि ठेले खड़े रहते हैं। अतिक्रमण की वजह से दिन भर यहां जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को भी परेशानी का सामना भी करना पड़ता है।

गुरुवार को नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने पार्किंग स्थलों व फुटपाथों पर सजी दुकानें हटवाने के निर्देश दिए। नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ अभियान टीम ने चौकी चौराहे से लेकर गांधी उद्यान तक बुलडोजर से अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। मौके पर अतिक्रमण करने वालों से नोक-झोंक भी हुई, लेकिन टीम ने किसी की नहीं सुनी और अवैध कब्जों को साफ करा दिया। साथ ही सामान भी जब्त किया गया है। अतिक्रमण करने वालों से 12 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि सड़क पर किसी को भी अतिक्रमण करने नहीं दिया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।



फुटपाथ से अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

### अवैध होर्डिंग के खिलाफ छेड़ा गया अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को शहर में जहां-तहां लगे अवैध होर्डिंग हटाए। इस दौरान बड़ी संख्या में होर्डिंग्स जब्त किए गए। टीम ने पटेल चौक से होर्डिंग हटाने का अभियान शुरू किया। इसके बाद चौकी चौराहा होते हुए टीम ने विकास भवन रोड से ईंट पजाया चौक तक अवैध होर्डिंग उतारे। जिन संगठनों व नेताओं के होर्डिंग्स उतारे गए हैं, उन पर जुर्माना वसूले जाने की भी चर्चा है।

### बीडीए ने तीन अवैध कॉलोनियों में किया ध्वस्तीकरण



**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को सीबीगंज क्षेत्र में अवैध रूप से काटी जा रही तीन कॉलोनियों को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। बीडीए अधिकारियों ने बताया कि सोमपाल ग्राम अटरिया में लगभग चार बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के अवैध कालोनी का विकास कार्य करा रहा था। मोर सिंह भी अटरिया में करीब पांच बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माण करा रहा था। चुन्नी लाल एवं इलियास करीब तीन बीघा क्षेत्रफल में अवैध कालोनी बना रहे थे। बीडीए वीसी डॉ. मनिकन्डन ए के निर्देश पर संयुक्त सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में सहायक अभियंता विनोद कुमार, अवर अभियंता संदीप कुमार, सीताराम आदि की टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। अधिकारियों ने कहा है कि बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण न कराएं।

# पीलीभीत रोड बनेगा आठ लेन बीडीए ने आगे बढ़ाए कदम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चौड़ीकरण से पहले सड़क का तकनीकी डिजाइन बनेगा

**अमृत विचार :** सेटेलाइट से लेकर त्रिशूल चौराहे तक पीलीभीत मार्ग को आठ लेन या दस लेन चौड़ीकरण करने के संशय पर विराम लग गया है। अब यह आठ लेन बनेगा। बीडीए ने डीपीआर बनाने के साथ सड़क का टोपोग्राफिक, हाईड्रोलॉजिक, जियो मैट्रिक, क्रॉस ड्रेन डिजाइन तैयार कराने का निर्णय लिया है। निविदा निकाली गई है।

बीडीए वीसी डॉ. मनिकन्डन ए के निर्देश पर अधिशासी अभियंता ने गुरुवार को टेंडर निकाला। बताया गया है कि बरेली विकास प्राधिकरण त्रिशूल चौराहे से सेटेलाइट बस स्टैंड तक पीलीभीत मार्ग को आठ लेन का बनाएगा। इससे पहले सड़क का (टोपोग्राफिक), हाईड्रोलॉजिक, जियोमैट्रिक, क्रॉस ड्रेन डिजाइन व डीपीआर तैयार कराने का कार्य कराया जाना है। इसके लिए अनुभवी फर्मों का चयन किया जाना है। इस संबंध में फर्मों को आमंत्रण दिया गया है ताकि उपरोक्त कार्य कराने के लिए जल्द फर्म चयनित की जा सके। फर्म चयन प्रकिया होने के बाद डीपीआर का कार्य तेजी पकड़ेगा। दरअसल, इस मार्ग के बनने से सबसे ज्यादा लाभ बरेली एयरपोर्ट आने-जाने वालों को होगा। उन्हें जाम जैसी स्थिति का सामना करना नहीं पड़ेगा। अभी सौ फुटा चौराहा, सुरेश शर्मा नगर, बीसलपुर चौराहे पर यात्रियों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है। वहीं, आठ लेन की सड़क बनाने में कितनी धनराशि खर्च होगी, इसका सही आकलन डीपीआर बनने के बाद ही मालूम होगा लेकिन अभी तक सड़क निर्माण पर करीब सवा सौ से डेढ़ सौ करोड़ रुपये खर्च होने की बात सामने आई है।

### आठ लेन से साफ हो जाएगा अतिक्रमण

पीलीभीत रोड पर सेटेलाइट से बैरियर-2 तक दोनों तरफ कच्चा-पक्का बड़े स्तर पर अतिक्रमण है। कई लोगों के धंधे भी इस रोड पर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। कई बिल्डिंगें भी सरकारी भूमि पर बनी हैं। बीडीए जब सेटेलाइट से बैरियर-2 तक आठ लेन की सड़क बनाने का कार्य शुरू करेगा, तब अतिक्रमण भी हटाया जाएगा।

# ड्यूटी कटवाने के लिए पैरवी पड़ेगी भारी, करानी होगी स्वास्थ्य जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मकानों की गणना में करीब 13 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है
- मेडिकल ग्राउंड पर ड्यूटी कटवाने वालों को मेडिकल बोर्ड की जांच से गुजरना होगा

**अमृत विचार :** एसआईआर की ड्यूटी समाप्त होने के बाद शिक्षकों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को लगा कि कुछ दिन राहत मिल जाएगी लेकिन उन्हें अब जनगणना करनी होगी। पहले चरण में मकानों की गणना के लिए 13 हजार शिक्षक-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बड़ी संख्या में कर्मचारी ड्यूटी से बचने के लिए सिफारिश करा रहे हैं लेकिन उन्हें झटका लगा है। मेडिकल ग्राउंड पर ड्यूटी कटवाने वालों को मेडिकल बोर्ड की जांच से गुजरना होगा।

जिले में मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक किया जाना है। इसके लिए कर्मचारियों को 20 अप्रैल से प्रशिक्षण दिया जाएगा। तैयारी शुरू कर दी गयी है, लेकिन इस ड्यूटी को लेकर शिक्षक और कर्मचारी बेचैन हैं। उन्होंने विभिन्न कारणों को गिनाते हुए ड्यूटी कटवाने की सिफारिशें लगवाना शुरू कर दी हैं। कई प्रार्थना पत्र एडीएम एफआर, नगर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार सहित कई अन्य अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं।

### सीएमओ की अध्यक्षता वाला मेडिकल बोर्ड तय करेगा कि ड्यूटी कटनी चाहिए या नहीं

**बरेली :** जनगणना अधिकारी एवं एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी कर कहा है कि जनगणना के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के सफल संचालन के लिए बड़ी संख्या में कार्मिकों की आवश्यकता है। ऐसे में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के आधार पर ड्यूटी कटवाने आ रहे कार्मिकों का मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण होना जरूरी है। जांच के आधार पर ही असमर्थ,असहाय कार्मिकों की ड्यूटी काटने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएमओ की अध्यक्षता में गठित मेडिकल बोर्ड के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कराई जाएगी। उसके बाद संबंधित कार्मिक के जनगणना कार्य में असमर्थ होने की टिप्पणी के साथ प्रार्थना पत्र जिला जनगणना अधिकारी के कार्यालय को भेजें, जिससे कार्मिकों के बारे में विचार किया जा सके।

## दोबारा लगा दिया अनन्या का स्टॉल

**बरेली, अमृत विचार :** अनन्या पांडे का फास्ट फूड स्टॉल 'अनन्या किचन' फिर लगा दिया गया है। रेवेन्यू इंस्पेक्टर सच्चिदानंद सिंह के अनुसार, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत और चर्च के पादरी की शिकायत के बाद चौकी चौराहा क्षेत्र में लगे सभी अवैध स्टॉल, फड़ और ठेले हटाए गए थे। इसी कार्रवाई के तहत अनन्या का स्टॉल भी हटाया गया था।

अनन्या ने आरोप लगाया था कि उनके साथ भेदभाव हुआ और उनका ही स्टॉल निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि बिना पर्याप्त नोटिस के उनका स्टॉल जेसीबी से हटाया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ। मामला तूल पकड़ने पर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने हस्तक्षेप किया। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने भी आश्वासन दिया था।

# आधी रात अचानक कट जा रही घरों में बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रीपेड स्मार्ट मीटर ने बढ़ा दी उपभोक्ताओं की मुसीबत

**अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। विभाग की तरफ से किए गए दावों के विपरीत, लोगों को न तो समय पर बैलेंस की जानकारी मिल रही है और न ही लो बैलेंस का अलर्ट। हालात यह हैं कि कई घरों में आधी रात अचानक बिजली कट जा रही है। लोग गर्मी में बच्चों के साथ छतों पर रात बिताने को मजबूर हैं। मामूली 100-200 रुपये के बैलेंस पर भी कनेक्शन काटे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी उन्हें बार-बार बिजली उपकेंद्र के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। संजयनगर निवासी कृष्ण कुमार शुक्ला, बिहारीपुर निवासी मोनिस खान के अनुसार, प्रीपेड स्मार्ट मीटर में रिचार्ज करने पर भी बकाया राशि स्वतः कट जाती है, जिससे पर्याप्त बैलेंस नहीं बचता और बिजली बाधित हो जाती है। एक दिन पहले ही महिलाओं ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर समस्या उठाई थी, जिस पर आश्वासन मिला था कि जल्द सही हो जाएगा मगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ। अब उपभोक्ता असमंजस में हैं कि कब बिजली कट जाए और कितना रिचार्ज करना पड़े।

# पुरानी जेल परिसर में लगी आग

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित पुरानी जेल परिसर में गुरुवार को आग लग गई। जंगलनुमा हिस्से में सूखे-पत्तों में आग का गुबार फूट पड़ा। आसपास रहने वाले लोगों में अफरातफरी के बीच मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास मौजूद लोग घबरा गए। लपटें उठती देख लोग घरों से बाहर निकल आए और अनहोनी की आशंका जताने लगे। हालांकि, समय रहते सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फायर बिग्रेड को आग लगने की सूचना नहीं दी गई। लोगों का कहना है कि आग और फैलती तो आसपास नाला पार मकान चपेट में आ सकते थे। पहले भी यहां सूखे पत्ते व झाड़ में इस तरह से आग लग चुकी है। आग बुझने से लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस भी जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आग की वजह से पता लग सके।



सूखे पत्तों से उठतीं लपटें। ● अमृत विचार

- सूखे पत्तों से उठी लपटों से दहशत, धुएं से लोग परेशान


Rotary DISTRICT 3110

रोटरी क्लब ऑफ बरेली

Estd. 1952 | Club No. 15413

अपनी स्थापना के 74वें वर्ष (2025–26) में क्लब द्वारा संकल्पित 75 प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है



डॉ0 प्रकाश चौहान

माननीय निदेशक, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), हैदराबाद

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता का

75वें चार्टर दिवस समारोह

में हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता है

व्याख्यान का विषय – विकसित भारत हेतु भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम

इस अवसर पर 15 मेधावी विद्यार्थियों को इसरो अध्ययन भ्रमण छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी

विशिष्ट विभूतियों को एक्सीलेंस एवार्ड से सम्मानित किया जायेगा

एस.आर.एम.एस. ट्रस्ट के नेत्र बैंक के साथ एम.ओ.यू. क्रियान्वित किया जायेगा

अति विशिष्ट अतिथि

रो0 सीए राजेन विद्यार्थी — डिस्ट्रिक्ट गर्वनर (RI Distt. 3110)

रो0 डॉ0 घनश्याम खण्डेलवाल — अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कृषि विकास परिषद; अध्यक्ष, बी0एल0 एग्रो इण्डस्ट्रीज लि0

श्री आदित्य मूर्ति — सचिव, एस.आर.एम.एस. ट्रस्ट

कार्यक्रम अध्यक्षः डॉ0 मनीष शर्मा, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ बरेली

कार्यक्रम विवरण

दिनांकः 17.04.2026 (शुक्रवार) | समयः 08:30 सांय | स्थानः बरेली क्लब

रो0 डॉ0 ए0के0 चौहान — क्लब लर्निंग फैसिलिटेटर

रो0 शेखर यादव — सचिव

रो0 अरविन्द गुप्ता — कोषाध्यक्ष

रो0 नरेश मलिक — चेयर – मेम्बरशिप डेवलपमेंट

रो0 डॉ0 जितेन्द्र मौर्या — डायरेक्टर (कम्यूनिटी सर्विसेज)

रो0 प्रधीर गुप्ता — डायरेक्टर (वोकेशनल सर्विसेज)

रो0 सुमित अरोरा — डायरेक्टर (यूथ सर्विसेज)

रो0 संचित अग्रवाल — डायरेक्टर (क्लब सर्विसेज)

Courtesy: SRASHTIPURTI

प्रवेश केवल निमंत्रण पत्र द्वारा

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# ड्राइवर ने फंदा लगाया, मौत

**बरेली, अमृत विचार:** सुभाषनगर थाना क्षेत्र की गंगानगर कॉलोनी में बुधवार शाम ड्राइवर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार ने जब उनके शव को पंखे से लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया।

सुभाषनगर के गंगानगर कॉलोनी निवासी राजकुमार ने बुधवार अपने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगा लिया। काफी देर तक कमरे का दरवाजा बंद रहने पर परिजनों को शक हुआ। इसके बाद परिवार के लोगों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो राजकुमार का शव फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की छानबीन की। बताया जा रहा है कि घटना के समय मृतक की पत्नी स्कूल गई हुई थी। परिजनों के अनुसार राजकुमार को शराब पीने की लत थी, जिसकी वजह से वह अक्सर परेशान रहता था। युवक का शव मिला, पहचान नहीं: डोहरा रोड पर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने सड़क किनारे युवक को पड़े देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। इसके मोर्चरी में भिजवा दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक नशे का आदी भी हो सकता है।

# चेकिंग का अजब शोर, चालान कटवाकर उड़ गए चोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** वाहन चेकिंग और गाड़ियों के चालान का लक्ष्य पूरा कर दिखाने वाली पुलिस कई बार ऐसी लापरवाही कर डालती है कि अफसर माथ पीटते नजर आते हैं। बाइक चोरी के मामले में ऐसा ही एक अजब-गजब मामला सामने आया है। चोर एक दूध विक्रेता की बाइक चोरी कर ले गए और चेकिंग में पुलिस के हाथों चालान कटवाने के बाद भी उड़न छू हो लिए। चोरी गई बाइक का चालान स्वामी के पास पहुंचा है तो वह और ज्यादा परेशान है।

थाना बिथरी क्षेत्र के गांव


वाहन संख्या: UP25BX5767
M-Cycle/Scooter(2WN)
105, Gulab Nagar, Bareilly, Uttar Pradesh 243003, INDIAN
14-02-2026 18:21:51
1: Violation of traffic rules by the driver except the offences mentioned in Section in 184 a, b, d, e, f and without any indication changing the alignment ( MV act 1988 S 119 R/W S 177 mentioned in section 184 a,b,d,e,f )
500/-

काटा गया चालान।

कचौली के रहने वाले दूध की डेयरी चलाते हैं। उन्होंने बताया कि एक साल पहले गांव से बाइक गांव चोरी हो गई थी। पुलिस में शिकायत दर्ज कराई मगर बाइक का कुछ पता नहीं लगा। बुधवार को मोबाइल पर पुराने मैसेज का लिंक खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए। जो बाइक चोरी हुई थी, उसका चालान कटने का मैसेज आया था। उनकी बाइक के साथ चालान के साथ भेजे गए फोटो में दो लड़के रिकार्ड हुए थे। गुलाब नगर के पास पुलिस 14 फरवरी को चोरी गई बाइक का चालान किया था। हैरानी की बात है कि चालान ट्रैफिक नियमों के उल्लघन के मामले में किया गया मगर पुलिस उस समय फर्राटा भर रहे लड़कों से पूछताछ नहीं कर सकी। वाहन स्वामी का कहना है कि पुलिस ने अगर तत्परता दिखाई होती तो चोरी गई बाइक के साथ चोर भी पकड़ गए होते। चोर चालान कटवाकर पुलिस की भी आंखों में धूल झोंक गए।

- चोरी हुई बाइक का ई-चालान पहुंचा स्वामी के पास
- चालान के समय चोरों का फोटो भी साथ में हुआ कैद

### स्मार्ट कंट्रोल रूम से भी नहीं मिली मदद

स्मार्ट सिटी में अत्याधुनिक कंट्रोल काम कर रहा है और हर हर चौराहे सीसीटीवी से लैस है। नंबर देखकर पता किया जा सकता है कि कौन सा वाहन कितने बजे गुजरा। दावा किया जाता है कि अपराधी सीसीटीवी से छिपकर भाग नहीं सकते। इसके बाद भी अपराधी शहर में चोरी की बाइक का चालान कटवाकर भी आसानी से फर्राटा भर रहे हैं मगर पुलिस उन पर शिकंजा नहीं कस पा रही। चोरी की बाइक का जहां चालान हुआ, वह इलाका थाना प्रेमनगर का है। बाइक सवार युवकों की तस्वीर भी कैद हो चुकी है। अब पुलिस का कहना है कि चालान से तस्वीर निकालकर बाइक सवारों की तलाश की जाएगी

बाइक चोरी मामले की गहराई से जांच कराई जाएगी। सर्विलांस के माध्यम से जल्द ही बाइक चोरों को ट्रैक कर गिरफ्तार किया जाएगा।
–मानुष परीक, एसपी सिटी

# दरोगा के कमरे में लड़की की सूचना पर दौड़े हिन्दूवादी, उलटी लिखी रपट

## सीबीगंज की आईटीआर कालोनी का मामला, अफसरों से मिलेंगे हिन्दू संगठन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** थाना सीबीगंज क्षेत्र में स्थित आईटीआर कालोनी में गुरुवार सुबह अजीब बखेड़ा हो गया। इज्जतनगर थाने में तैनात दरोगा के क्वार्टर में संदिग्ध लड़की होने की शिकायत पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने दौड़े-दौड़े वहां पहुंच गए। पुलिस भी बुला ली मगर दरोगा ने युवती को कामवाली बताया। देर तक आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। शाम होते-होते युवती ने तीन लोगों के खिलाफ युवती ने गाली-गलौज व मारपीट की कोशिश के आरोप लगाते हुए रिपोर्ट लिखा दी। हिन्दूवादियों ने आरोप गलत बताते हुए अफसरों के सामने सच रखने की बात कही है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, इज्जतनगर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर जावेद अली के आवास पर 6-7 महीने से घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही महिला पर गलत आरोप लगाकर गाली-गलौज व मारपीट की कोशिश की गई। मामला दर्ज किया गया है। घटनाक्रम के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष रोहित गंगवार और गौ रक्षक निर्दोष राठौर का पक्ष है कि स्थानीय लोगों ने दरोगा के क्वार्टर में गलत गतिविधियां होने की सूचना दी थी। वे कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे थे। 112 पर सूचना देकर पुलिस भी बुला ली थी। सबके सामने क्वार्टर खुलवाया गया था तो अंदर कथित रूप से नर्सिंग की ड्रेस बताया जा रहा सफेद गाउन मिला था। अंदर मौजद युवती उस समय वहां से हट गई और बाद में रिपोर्ट लिखा दी। रोहित गंगवार, निर्दोष राठौर व कालोनी के श्यामपाल पर लगाए गए आरोप निराधार बताए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि दरोगा ने कथित रूप से आईटीआर कालोनी में क्वार्टर कब्जा रखा था और इज्जतनगर थाने में तबादला होने के बाद भी खाली नहीं किया था। मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।


आईटीआर कालोनी में मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- युवती ने तीन लोगों पर लगाए मारपीट के आरोप
- कार्यकर्ताओं ने आरोप गलत बताए, करेंगे शिकायत

युवती की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपों की गहराई से छानबीन कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
–प्रदीप चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सीबीगंज

# मुस्कान ने हिन्दू धर्म ग्रहण किया, आकाश से रचाई शादी


मुस्कान व आकाश। ● अमृत विचार

**बरेली।** रामपुर की रहने वाली मुस्कान नामक युवती ने हिन्दू ग्रहण किया है। सुभाषनगर के अगस्त्य मुनि आश्रम उसने आकाश के साथ सात फेरे लिए। आश्रम संचालक पंडित केके शंखधार ने शंखधार ने कागजी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मंत्रोच्चार के बीच विवाह संपन्न कराया। मुस्कान रामपुर जिले में स्वार क्षेत्र के गांव थनापुर नरखेड़ा की रहन वाली है, जबकि आकाश रामपुर में पसियापुर जनूबी का निवासी है। सोशल मीडिया पर एक दूसरे के संपर्क में आए थे। दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों ने जिंदगी साथ बिताने का फैसला कर लिया। मुस्कान ने स्वेच्छा से हिन्दू धर्म अपनाने और आकाश से शादी की बात कही है।

# वृद्ध की हत्या में तीन भाइयों को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

- 11 साल पहले शाही थाना क्षेत्र के ग्राम पंथरा में हुई थी वारदात
- कोर्ट ने 26-26 हजार का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार:** 11 वर्ष पूर्व मेड़ काटने के विवाद में सिर में फावड़ा मारकर वृद्ध की हत्या करने के मामले में थाना शाही के ग्राम पंथरा निवासी तीन सगे भाइयों में तिलकराम, वीरपाल और ओमप्रकाश को जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को 26-26 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि बिहारी लाल ने थाना शाही में तहरीर देकर बताया था कि 16 मई 2015 को अपने खेत पर शाम 5 बजे अपनी शिवाली की नराई कर रहा था। उसके गांव के ही भोले, तिलकराम, ओमप्रकाश व वीरपाल अपने खेत में चरी की बुबाई कर रहे थे। इन लोगों ने फावड़ा व कसी से उसके खेत की मेड़ काट दी थी।

इसका विरोध किया तो मारपीट की। वह भागकर अपने घर आया तो उसके पीछे आरोपी भी कसी, फावड़ा, लाठी व डंडा लेकर आ गये औरमारपीट करने लगे। उसके पिता रामदयाल, बेटे महेन्द्र व कोमिल बचाने दौड़े तो आरोपियों ने उसके पिता के सिर में फावड़ा मार दिया जिससे उनकी मौत हो गई। उन लोगों को काफी चोटें आईं। पुलिस ने हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, अपमानित करने की धाराओं में भोले समेत 4 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत भोले व उसके तीन पुत्रों के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। मुकदमे के दौरान भोले की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विरुद्ध केस कार्यवाही खत्म कर दी गयी थी। अभियोजन ने 12 गवाह पेश किये।

# कारों के टायर काटने से लोगों में आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम के प्रवर्तन दल के कर्मचारियों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान गणेश नगर गेट के पास खड़ी कारों के टायर काटने व हवा निकालने का आरोप लगा है। लोगों ने नगर आयुक्त और मेयर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

कुछ दिन पहले गणेश नगर गेट पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर निगम के कर्मचारियों ने नियम विरुद्ध खड़े वाहनों को जब्त करने या चालान करने की बजाय उनके टायर काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों ने विरोध किया है। गुरुवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा नेता शैलेंद्र विक्रम समेत अन्य लोगों ने कहा कि कौन सा नियम है, जो सरकारी कर्मचारियों को किसी की निजी संपत्ति को नष्ट करने का अधिकार देता है। संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। है। नगर आयुक्त से कहा है कि निगम प्रशासन का कार्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि समाधान देना भी है। शहर के व्यस्त क्षेत्रों में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि नागरिकों को सड़कों पर वाहन खड़े करने के लिए विवश न होना पड़े। संबंधित प्रभारी अधिकारी की जवाबदेही तय होनी चाहिए।


नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

- प्रवर्तन दल पर कार्रवाई के लिए नगर आयुक्त और मेयर को सौंपा ज्ञापन

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार ठेकेदार की मौत

**बरेली, अमृत विचार:** देर रात सड़क हादसे में ठेकेदार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

बुधवार रात छोटी विहार निवासी इलेक्ट्रिशियन ठेकेदार कांता प्रसाद मौर्य अपनी पत्नी सुखदेवी और बेटी रोली के साथ बाइक से नरियावल की ओर रिश्तेदारी में दावत में शामिल होकर घर लौट रहे थे। नरियावल चौराहे के पास कार ने टक्कर मार दी। इससे कांता प्रसाद की मौके पर मौत हो गई, जबकि पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। जेब में मिले कागजों से उनकी पहचान हुई।

# एनसीआर से आकर शहर के होटलों में रुकते थे ज्वेल थीफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अपराधियों की धरपकड़ में यक्ष ऐप बहुत काम का साबित हो रहा है। बरेली पुलिस ने ऐप के जरिए चोरों की खतरनाक टोली पर शिकंजा कसा है, जो नोएडा से कार में बरेली आती थी और होटल में रुककर आसपास की रैकी करती थी। कहीं भी वारदात कर एनसीआर के अपराधी यहां से उड़न छू हो जाते थे। मुठभेड़ में आकाश नामक पेशेवर चोर के पैर में गोली लगी है। उसका साथी भी पकड़ा गया है। उनके पास से चोरी की ज्वेलरी और लाखों का कैश बरामद हुआ है।

इंस्पेक्टर बारादरी बिजेंद्र सिंह के अनुसार, 1 अप्रैल की रात जगतपुर पानी की टंकी के पास रहने वाले इमरान खां के घर ताला तोड़कर लाखों जे जेवर और 1.50 लाख की नकदी चोरी कर ली गई थी। वारदात सामने आने के बाद पुलिस ने सर्विलांस और यक्ष ऐप के माध्यम से चोरों की तालश शुरू की। छानबीन में पता लगा कि आरोपी बीडीए कॉलानी के पास मोजूद हैं। टीम ने घेराबंदी की तो अपराधियों ने कार से उतरते ही गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में एक चोर के पैर में गोली लग गई। मौके से दो को गिरफ्तार किया गया।


पुलिस हिरासत में आरोपी आकाश।


गिरफ्तार आरोपी अंकित मिश्रा।

- एनसीआर से बरेली आकर वारदातें करते अपराधी
- होटलों में रुककर आसपास रैकी करता गिरोह

### वारदात के बाद नोएडा भाग जाते थे चोर

पूछताछ में चोरों ने बताया कि वह नोएडा से कार से आते थे। इसके बाद वह रेकी करने के बाद उसके आस-पास में ही होटल लेते थे। फिर रात में घटना को अंजाम देकर वह नोएडा चले जाते थे। वहां पर वह आराम से रुकते और फिर कुछ दिनों बाद फिर से वारदात को अंजाम देने आ जाते थे।

पूछताछ में घायल ने अपना नाम आकाश उर्फ शुभव उर्फ आदित्य उर्फ रामवीर बताया। वह गौतम बुध नगर के दादरी स्थित कंथेरा रोड का रहने वाला है। उसका साथी अंकित मिश्रा,उर्फ सोनू खितौना शाहजहांपुर का निवासी है। आकाश के पांव में गोली लगी है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 11 मामले दर्ज चल रहे है। अंकित पर भी चोरी के पांच मुकदमे दर्ज मिले हैं। उनके पास से 5.80 लाख रुपये कैयर और सोने-चांदी की ज्वेलरी बरामद हुई है।

दोनों ने बताया कि कार से चोरी कर वह लोग नोएडा जाकर उसे छुपा दिया देते थे। फिर उसी रंग और कंपनी की दूसरी कार से घूमा करते थे। आशंका है कि आरोपियों ने और भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# कचहरी में महिला को हेलमेट से पीटा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार:** कचहरी परिसर में तलाक के मामले में आई महिला के साथ मारपीट और अभद्रता की गई। पतिने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर उसे हेलमेट से पीटा। चेन और कुंडल भी गिर गए।

जगतपुर क्षेत्र निवासी आरफीन बेगम पत्नी आबिद खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अप्रैल को वह अपने परिवार के साथ जावेद अहमद निवासी कासगंज के साथ चल रहे तलाक संबंधी मामले में कचहरी आई थी। कचहरी परिसर में जावेद अली, अरमान अली और अदनान अली ने उन्हें घेर लिया। तीनों ने गिराकर हेलमेट और लात-घूंसों से पीटा, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एसपी सिटी ने सैटेलाइट पर जाम छलकाते कई लोगों को पकड़ा

**बरेली।** सैटेलाइट पर शराब पीते हुए एसपी सिटी मानुष पारीक ने देर तक कई लोगों को पकड़ लिया। गुजरते हुए बगैर नंबर की एक बाइक भी सीज की गई।

एसपी सिटी अपने काफिले के साथ राउंड पर निकले थे तो सैटेलाइट पर शराब पीते हुए युवाओं की धरपकड़ करा दी। चेकिंग में वहां से गुजर रही बगैर नंबर की बाइक भी पकड़ी गई। सवार खुद को श्री महाकाल भारतीय सेना का राष्ट्रीय अध्यक्ष बता रहा था। बाइक पर नंबर की जगह प्रेसीडेंट लिखवा रखा था। सभी हिरासत में लिए गए।



# ट्रेनों में अवैध वेंडरों की घुसपैठ, पकड़ा पानी का खेल

- 48 बोतल के साथ अवैध वेंडर हिरासत में, पूछताछ जारी
- रेलवे प्रशासन की अपील, सिर्फ रेल नीर ही खरीदें यात्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल की रेल प्रबंधक के निर्देश पर छेड़े गए चेकिंग अभियान में अवैध वेंडर के पास से पानी का दूसरे ब्रांड की बोतलें बरामद हुईं हैं।

डीआरएम इज्ज्जतनगर वीणा सिन्हा ने बताया कि गुरुवार को चली चेकिंग मुहिम में रेलवे टीम ने अवैध वेंडर को पकड़ा, जो रेल नीर की जगह ऐलविश ब्रांड का पानी बेच रहा था। आरपीएफ ने वैंडर को हिरासत में लेकर उसके पास से भारी मात्रा में पानी की बोतलें जब्त कर ली हैं। गाड़ी संख्या 15084 में जांच के दौरान यह कार्रवाई की गई। 14 रुपये की बोतल वाली 20 रुपये में बेचकर मुनाफे का गलत खेल चल रहा था। जब्त बोतलों को को आगे की कार्रवाई के लिए वाणिज्य अधीक्षक, कन्नौज को मामला सौंप दिया गया। काठगोदाम रेलवे स्टेशन से भी 25 पेटी अनअप्रूव्ड पानी की बोतलें भी जब्त की गईं हैं।


चेकिंग में पकड़ी गईं पानी की बोतलें। ● अमृत विचार

### आईआरसीटीसी ने रेल नीर समेत 13 ब्रांडों को दी है मंजूर, फिर भी हो रही गड़बड़ी

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने अनधिकृत पानी की बिक्री रोकने और यात्रियों को सही ब्रांड का पानी उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल 2014 में रेलवे ने रेल नीर के साथ कई अन्य ब्रांडो को मंजूरी दी थी। वेंडर रेल नीर न होने की दशा में 13 ब्रांड का पानी रेलवे स्टेशन और ट्रेन में सप्लाई कर सकते हैं। अधिक बचत के चक्कर में रेल नीर की जगह दूसरे ब्रांड का पानी बेचने का खेल चल रहा है। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में पानी के प्रति बोतल 14 रुपये की जगह खुलेआम 20 रुपये में बेचा जाता है। रेलवे की सख्ती के बाद भी यह गोरखधंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा।

### अनधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई जारी

बरेली सिटी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12036 के कोच डी-5 में एक अनधिकृत वेंडर को पकड़ा गया। जिसे रेलवे सुरक्षा बल के हवाले कर धारा-144 के तहत कार्रवाई की गई। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों को सुरक्षित और स्वच्छ खानपान उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि रेल यात्रियों को शुद्ध पेयजल और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# बिहारीपुर में सिपाही से भिड़ा शोहदा, भीड़ ने पकड़वाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ की थी 112 पर शिकायत
- अकेले मौके पर पहंचे सिपाही से युवक ने की हाथापाई

**अमृत विचार:** बिहारीपुर बाजार में गुरुवार को दिनदहाड़े उस समय हड़कंप मच गया, जब एक शोहदे ने सरेआम सिपाही से हाथपाई कर डाली। युवती की शिकायत पर पहुंचे कांस्टेबिल ने भीड़ की मदद से बमुश्किल उसे पकड़ा। पुलिस अब आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है।

गुरुवार दोपहर इलाके की रहने वाली एक युवती ने शोहदे से परेशान होकर डायल 112 पर शिकायत की थी। सूचना मिलने पर चौकी में तैनात एक पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे थे। शोहदे को पकड़ा तो वह सिपाही से उलझ गया। हाथापाई शुरू कर दी। भीड़ जुट गई। युवक की करतूत सामने आने पर राहगीर सिपाही की मदद में आगे आ गए और उसे पकड़वा दिया। आरोपी का नाम रितिक बताया जा रहा है। पुलिस ने छेड़छाड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामले में कड़ा एक्शन होगा।

# भीषण गर्मी में प्यास से जूझेगा बरेली कॉलेज

## धीरे-धीरे असर दिखा रही है गर्मी, कॉलेज में खराब पड़े नल, टंकी और हैंडपंप बढ़ाएंगे मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी धीरे-धीरे असर दिखा रही है। ऐसे में प्यास भी तेवर दिखाने लगी है। लोग नल और वाटरकूलर खोजने लगे हैं। बरेली कॉलेज में गर्मी में पानी की समस्या न हो इसकी तैयारियां फिलहाल बेपरवाही में फंसी हैं। तमाम हैंडपंप और वाटर कूलर सूखे पड़े हैं। ऐसे में हजारों छात्र-छात्राएं पानी के लिए परेशान होने लगे हैं। आगे और मुसीबत उठाएंगे। करीब 16 हजार विद्यार्थियों और 250 शिक्षकों वाले इस बड़े शिक्षण संस्थान में ये लापरवाही हैरान करने वाली है।

कॉलेज परिसर में जगह-जगह लगे नल, पानी की टंकियां और हैंडपंप खराब हैं। छात्र-छात्राएं पानी खोजते नजर आते हैं। गर्मी जब सिर चढ़कर बोलेगी तब हालत क्या होगी। इन दिनों परीक्षा फॉर्म में संशोधन के चलते यहां छात्रों की भीड़ बढ़ गई है, जिससे सीमित संसाधनों पर दबाव और बढ़ गया है। इतने बड़े और प्रतिष्ठित कॉलेज में पेयजल जैसी प्राथमिक सुविधा का अभाव प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। छात्रों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की है कि सभी खराब नलों, टंकियों और हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत कराई जाए और पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएसडब्ल्यू प्रो. एमबी कलहंस ने बताया कि कॉलेज में तीन नए वॉटर कूलर आ चुके हैं। दो और वॉटर कूलर लगाने की स्वीकृति मिल गई है। साथ ही परिसर में टंकियों की साफ-सफाई भी कराई जाएगी, जिससे जल्द ही पेयजल व्यवस्था में सुधार होगा।



खेल मैदान लगीं ये टोटियां भी प्यास नहीं बुझा सकतीं। ● अमृत विचार

● **16 हजार छात्र-छात्राएं पानी के लिए होंगे परेशान**

### खेल छोड़कर खोजते हैं पानी



खेल मैदान के पास पानी की टंकी और हैंडपंप लंबे समय से बंद हैं। जिससे खेल गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले छात्रों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। वे पानी की बोतलें साथ लाते हैं या खेल छोड़कर पानी के लिए भटकते हैं। इससे उनका तारतम्य टूटता है।

### टोटियों के बीच में उग गए पेड़



चीफ प्रॉक्टर कार्यालय के पास लगे नल भी बदहाल स्थिति में हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के पास देखने को मिलती है जहां पानी की टंकी पूरी तरह उपेक्षित है। टंकी में पेड़ उग आना यह दर्शाता है कि लंबे समय से उसकी सफाई और रखरखाव नहीं हुआ है। यह न केवल अव्यवस्था का उदाहरण है, बल्कि स्वच्छता मानकों की भी अनदेखी है।

### गर्ल्स कॉमन रूम में दो नल सूखे

गर्ल्स कॉमन रूम (जीसीआर) में भी छात्राओं की आवाजाही के बावजूद दोनों नल सूखे पड़े हैं जिससे छात्राओं को पानी के लिए अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ रही है। पूरे परिसर में केवल प्राचार्य कार्यालय और सेमिनार हॉल के पास ही पेयजल की कुछ व्यवस्था उपलब्ध है। हालांकि प्राचार्य कार्यालय में लगी टंकी की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है, उसमें काई जमने लगी है।

# एबीवीपी ने बरेली कॉलेज के प्राचार्य का किया घेराव



प्राचार्य से बात करते एबीवीपी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **विषय परिवर्तन और छात्रवृत्ति में गड़बड़ी को लेकर विरोध जताया**

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज में अव्यवस्थाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्राचार्य का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया।

परिषद के प्रदेश मंत्री आनंद कठेरिया ने बताया कि बड़ी संख्या में छात्रों के इंटरनल व एक्सटर्नल अंक अपलोड न होने से परिणाम लंबित हो गए हैं। परीक्षा फॉर्म में बिना सूचना विषय बदलने और छात्रवृत्ति के लिए उपस्थिति कम दर्शाने जैसी शिकायतें सामने आई हैं। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निस्तारण नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कॉलेज इकाई अध्यक्ष पवन राजपूत ने किया। विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, उपाध्यक्ष नितिन मिश्रा, हर्ष, सत्यम गुर्जर, दीपिका, रोशनी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिवा यादव का अंडर-17 नेशनल क्रिकेट में चयन

**बरेली, अमृत विचार :** अंडर-17 बालिका क्रिकेट में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा शिवा यादव का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। शिवा यादव हरियाणा में 29 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित होने वाली नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य, खेल शिक्षिका मधु मौर्य, के अलावा क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने शुभकामनाएं दीं।



शिवा यादव।

### बेहतर काम करने वाले नौ रेल कर्मचारी सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर वीणा सिन्हा ने संरक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले नौ रेल कर्मचारियों को कार्यकुशलता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित कर्मचारियों में शैलेन्द्र कुमार सुमन लोको पायलट, योगेश कुमार ट्रैक मेंटेनर, यादराम ट्रैक मेंटेनर, रामवीर ट्रैक मेंटेनर, महादेव प्रसाद लोको पायलट, अनूप कुमार वरिष्ठ सहायक लोको पायलट, शोभित मिश्रा स्टेशन मास्टर, मनीश कुमार लोको पायलट और नागेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ सहायक लोको पायलट शामिल हैं। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. हरीश रेडतौलिया सहित सभी शाखा अधिकारियों ने कर्मचारियों के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**बरेली,अमृत विचार :** किशोरी को ले जाकर दुष्कर्म के मामले में बदायूं के अलापुर के ग्राम सुंदर नगर निवासी सुरेन्द्र सिंह की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट प्रथम हेमेंद्र कुमार सिंह ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भुता में तहरीर दी थी कि 29 दिसम्बर 2021 को सुबह उनकी लड़की को सुरेन्द्र सिंह बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने सुरेन्द्र को गिरफ्तार किया था, विचाराधीन बंदी रहते हुए एक बार अभिरक्षा से भाग गया था। मामले की पीड़िता नारी निकेतन से घर पहुंची तो शव फंदे से लटका मिला था।

# बरेली कॉलेज सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनेगा, केन्द्र में आगे बढ़ी बात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार के पत्र पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान संज्ञान लेते हुए मामला सम्बंधित विभाग के पास भेज दिया है। इस शिक्षा केन्द्र को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही है।

बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने बरेली कॉलेज को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाए जाने के सम्बंध में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिया था। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने उस पत्र का जवाब दिया है, जो इस दिशा में बड़ी उम्मीद माना जा रहा है। बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलता है, तो यहां आधुनिक शैक्षणिक ढांचे, उन्नत शोध सुविधाओं और राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था का विकास संभव होगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय का कहना है कि कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने की पहल क्षेत्र और आस पास के छात्र छात्राओं के लिए ऐतिहासिक साबित हो सकती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस प्रस्ताव पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी।



धर्मेन्द्र प्रधान
Dharmendra Pradhan
शिक्षा मंत्री
भारत सरकार
Minister of Education
Government of India

प्रिय श्री छत्रपाल सिंह गंगवार जी,

आपके द्वारा दिनांक 08 मार्च, 2026 को प्रेषित पत्रांक 469/26 हेतु धन्यवाद जो कि बरेली कॉलेज, बरेली (उत्तर प्रदेश) को केन्द्रीय संस्थान/केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में है।

प्रस्तुत पत्र संबंधित विभाग को उचित कार्यवाई हेतु अग्रेषित कर दिया गया है।

सादर,

भवदीय
(धर्मेन्द्र प्रधान)

श्री छत्रपाल सिंह गंगवार
संसद सदस्य (लोक सभा),
4ए, प्रगति नगर सुखां,
बरेली (उ.प्र.)

बरेली कॉलेज व पत्र।

● **सांसद छत्रपाल गंगवार के पत्र का शिक्षा मंत्री ने दिया जवाब**

### बेमिसाल इतिहास

बरेली कॉलेज की स्थापना 1837 में हुई थी। आज बरेली कॉलेज में 1600 हजार छात्र छात्राएं और 250 से अधिक शिक्षक हैं। यह कॉलेज एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध है और कला, विज्ञान, वाणिज्य व विधि संकायों में शिक्षा प्रदान करता है। स्वतंत्रता आंदोलन में इस संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यहां से कई प्रमुख शिक्षाविद, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि निकल चुके हैं। वर्तमान में संसाधनों के विस्तार की आवश्यकता को देखते हुए इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही है।

# शो बियॉन्ड रियलिटी बाय बादशाह 18 से

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली में पहली बार दर्शकों को रोमांचक अनुभव देने के लिए हाईटेक जादू शो बियॉन्ड रियलिटी बाय बादशाह 18 अप्रैल से 10 मई तक संजय गांधी कम्युनिटी हॉल में होगा।



बादशाह।

गुरुवार को प्रेसवार्ता में जादूगर बादशाह ने बताया कि यह पारंपरिक जादू शो से हटकर एक नया एंटरटेनमेंट फॉर्मेट है जिसमें माइंड रीडिंग, टेलीपेथी, साइकोलॉजिकल इल्यूजन और डिजिटल मैजिक जैसे आकर्षक प्रयोग मंच पर प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही डायनासोर, गॉडजिला और गोरिल्ला जैसे बड़े और रोमांचक विजुअल एक्ट भी दर्शकों को देखने को मिलेंगे। रोजाना दो शो और शनिवार-रविवार को तीन शो आयोजित होंगे।

# श्रमिक समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने गुरुवार को दोपहर कलेक्ट्रेट पर एकत्र होकर श्रमिकों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपे।

ज्ञापनों में नोएडा, फरीदाबाद, मानेसर, गुरुग्राम सहित औद्योगिक क्षेत्रों में आंदोलनरत श्रमिकों और कर्मचारियों को न्याय दिलाने, उनकी मांगों को तुरंत स्वीकार करने और कथित रूप से हिरासत में लिए गए श्रमिकों की तत्काल रिहाई की मांग की गई। फेडरेशन के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा कि श्रमिकों के दमन को तुरंत रोका जाना चाहिए और उनकी मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। संगठन ने सभी स्थानों पर समान रूप से न्यूनतम वेतन लागू करने, ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन देने तथा कार्यस्थलों पर सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी। आठ घंटे के कार्य दिवस के अधिकार को सख्ती से लागू करने पर भी जोर दिया गया। फेडरेशन ने बढ़ती महंगाई और गैस की किल्लत से जूझ रहे मजदूरों को तत्काल राहत देने की भी अपील की। महामंत्री संजीव मेहरोत्रा, डॉ. अंचल अहेरी, ध्यान चंद्र मौर्य, गीता शांत, सलीम अहमद, फैसल, देव सिंह, कैलाश सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए।




प्रदर्शन करते बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के सदस्य। ● अमृत विचार

● **बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने कहा, श्रमिकों का दमन बंद किया जाना चाहिए**

## सिटी डायरी

### इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज ने लगाया विशेष डेंटल कैंप



बरेली, अमृत विचार : लखनऊ पब्लिक स्कूल में इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की तरफ से ओरल हेल्थ मंथ के अवसर पर गुरुवार को एक विशेष डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। दंत चिकित्सकों ने बच्चों को दांतों और मसूड़ों के महत्व के बारे में सरल भाषा में समझाया। इसके बाद पोस्टर मेकिंग, क्विज़ प्रतियोगिता, मॉडल प्रदर्शन और डेमोंस्ट्रेशन प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों को जंक फूड और अधिक शक्कर के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। दंत चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों की नि:शुल्क दंत जांच भी की गई। जिन बच्चों में किसी प्रकार की दंत समस्या पाई गई, उन्हें उचित सलाह और उपचार के लिए मार्गदर्शन दिया गया। बच्चों को टूथब्रश, टूथपेस्ट के सही उपयोग, फ्लॉसिंग की आवश्यकता और नियमित डेंटल चेकअप के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

### आईएमए ने प्रदूषण प्रमाणपत्र संबंधी जागरुकता सत्र किया आयोजित



**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 1 वर्ष से 5 वर्ष तक प्रदूषण प्रमाणपत्र रूपांतरण विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य चिकित्सा संस्थानों के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से 5-वर्षीय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने की नवीनतम नियमावली एवं प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने जानकारी दी। आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव , मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. रविश अग्रवाल, डॉ. डी.पी. गंगवार की विशेष उपस्थिति एवं सहयोग रहा। साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से क्षेत्रीय अधिकारी चन्द्रेश कुमार, अंशुल शर्मा, अंकुर गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, रामबाबू द्विवेदी, पी.सी. कनौजिया, ऋषभ सक्सेना, अंकुर अग्रवाल, शिवम गंगवार एवं विकास बाबू गौतम शामिल रहे।

### भारत विकास परिषद ने गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम किया



**बरेली, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक शाखा ने गुरुवार को गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के विद्यालय वात्सल्य सेवा संस्थान में किया। संस्था संस्थापक एस के कपूर ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विशेष बच्चों के लिए कार्य करने वाले गुरुजन वास्तव में प्रेरणास्रोत हैं। संस्था अध्यक्ष डॉ दीक्षा सक्सेना ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विशेष बच्चों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। समापन कोषाध्यक्ष विष्णु दयाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संरक्षक अनिल सक्सेना, प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष संजीव जौली, प्रांतीय संरक्षक केबी अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक अंशु शर्मा, प्रदीप माधवार, चेतना सक्सेना, भावना सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### आशा भोसले को अर्पित की गीतों से श्रद्धांजलि




बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब ने गुरुवार को आशा भोसले को उन्हीं के गीतों से विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। क्लब के कहरवान स्थित कार्यालय परिसर में प्रकाश चंद्र सक्सेना ने आशा भोसले के गीत अभी न जाओ छोड़कर कि दिल अभी भरा नहीं गाया, अरुणा सिन्हा ने तोरा मन दर्पण कहलाये, प्रीति सक्सेना ने इन आँखों की मस्ती के अफसाने हजारों हैं, अनिल कुमार गुप्ता ने एक परदेशी मेरा दिल ले गया, डा.असित रंजन ने उड़ें जब-जब जुल्फें तेरी तथा डॉ. अनिला रंजन ने चुरा लिया है तुमने जो दिल को प्रस्तुत करके आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी। मुकेश सक्सेना,शोभा सक्सेना,बेबी शर्मा ने भी गीतों के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, केबीअग्रवाल, प्रदीप माधवार, विष्णु अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, मोहन सिन्हा, रीता सिन्हा शामिल रहे। गरीब कन्याओं की शादी में जरूरत का सामान और नगद राशि भी दी गई।

# सज्जादानशीन मोहम्मद मियां के आखिरी सफर में उमड़े अकीदतमंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दरगाह आले रसूल खानकाह वामिकिया निशातिया के सज्जादानशीन सय्यद मोहम्मद मियां वामिकी अशरफी को गुरुवार सुबह 8 बजे शहदाना रोड स्थित दरगाह वामिकी परिसर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उन पर अकीदा रखने वाले लोग उमड़ पड़े।

शाम से ही खानकाह पर बड़ी तादाद में लोग पहुंचने लगे थे। खानकाह नियाजिया के प्रबंधक जुनैदी मियां नियाजी, मौलाना कासिम नियाजी, खानकाह शराफतिया सकलैनिया के सज्जादानशीन गाजी मियां सकलैनी ने खानकाह के नायब सज्जादानशीन एवं साहबजादे मौलाना सय्यद असलम मियां वामिकी से मिलकर गम का इजहार किया। मोहम्मद मियां वामिकी अशर्फी जिलानी के जनाजे में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ा। नमाज-ए-जनाजा गुरुवार सुबह 8 बजे शहदाना वली में हुई। इसके बाद गमगीन माहौल में सज्जादानशीन को खानकाह-ए-वामिकिया परिसर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सज्जादानशीन के भतीजे सय्यद सलमान अली वामिकी ने बताया कि 80 वर्षीय सय्यद मोहम्मद मियां का पिछले कुछ समय से हृदय रोग का इलाज चल रहा था। सुबह फज्र की नमाज के बाद उन्होंने अपने बेटे असलम मियां से तस्बीह मांगी और पढ़ने लगे। तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इस पर उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनका इंतकाल हो गया था। दुआ ए मगफिरत करने वालों में प्रोफेसर मौलाना महमूद हुसैन, बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी, हज ट्रेनर हाजी यासीन कुरैशी, अहमद उल्लाह वारसी, हाजी साकिब रजा खां समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



सैय्यद मोहम्मद मियां वामिकी अशरफी के जनाजे में उमड़े अकीदतमंद। ● अमृत विचार

● **दरगाह वामिकी परिसर में किया गया सुपुर्द-ए-खाक**

# कलम दवात को शिफ्ट करने से पहले विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचारः** कोहाड़ापीर चौक से कलम दवात को शिफ्ट करने की तैयारी होने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने विरोध शुरू कर दिया है। पदाधिकारियों ने गुरुवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सोंपा।

संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना व जिलाध्यक्ष अश्विनी कमठान ने कहा कि कलम दवात हमारे कायस्थ समाज की पहचान है। इसे छिन्न-भिन्न नहीं होने देंगे। आयुक्त ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि कलम दवात को अगर हटाना भी पड़ेगा तो कायस्थ समाज के लोगों के साथ बैठकर सभी की राय से उसको सम्मान सहित पास में ही किसी स्थान पर स्थापित किया जाएगा। डॉ. सुबोध अस्थाना, ईशान सक्सेना इशू, रवि सक्सेना, सुनील सक्सेना मिलन, सुंदरम सक्सेना गोलू, आकाश सक्सेना, आशीष सक्सेना, शैलेंद्र सक्सेना शैलू, गौरव सक्सेना मौजूद रहे।



नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारी।

# विशेषज्ञों की सलाह, सही खान पान से दांतों को रखें मजबूत

**बरेली,अमृत विचारः** स्वस्थ दांत न केवल खूबसूरत मुस्कान के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह सम्पूर्ण स्वास्थ्य का भी अहम हिस्सा हैं।

इंस्टीयूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस) के दंत विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी वशिष्ठ ने बताया कि दूध, दही और पनीर दांतों के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक और मेथी भी दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ रखने में सहायक होती हैं। वहीं कच्ची सब्जियां जैसे गाजर, खीरा और शिमला मिर्च चबाने से दांतों की प्राकृतिक सफाई होती है। फलों में सेब, अमरूद और नाशपाती दांतों के लिए विशेष रूप से लाभकारी हैं। सूखे मेवों जैसे बादाम और काजू में मौजूद पोषक तत्व दांतों को मजबूती प्रदान करते हैं। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी जरूरी है, जिससे मुंह साफ रहता है। तावनी दी है कि टॉफी, चॉकलेट और कोल्ड ड्रिंक जैसे मीठे और चिपचिपे खाद्य पदार्थों का सेवन कम करना चाहिए। नियमित ब्रशिंग और सही खान-पान से दांतों को स्वस्थ और मजबूत रखा जा सकता है।

### बरेली डिपो कार्यशाला में बैठक का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली डिपो कार्यशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कई मांगों को लेकर चर्चा हुई । कहा मांगों को पूरा नहीं किया गया तो धरना देने के लिए बाध्य रहेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह यादव, रोहिलखंड शाखा अध्यक्ष नरेश शर्मा, कार्यशाला मंत्री राकेश बाबू, बरेली डिपो के शाखा मंत्री राम प्रताप राव, शमशाद अली आदि रोहिलखंड डिपो एवं बरेली डिपो के रोडवेज परिषद के कर्मचारी शामिल हुए।

# रोजगार सेवकों की हड़ताल

**बरेली, अमृत विचार :** ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर गुरुवार को बरेली के सभी 15 विकास खंडों में ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। खंड विकास अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मानदेय के भुगतान, वृद्धि और अलग बजट से मानदेय व्यवस्था किए जाने जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। ग्राम रोजगार सेवकों का कहना है कि वे लंबे समय से अपने मानदेय भुगतान के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। जिलाध्यक्ष गंगादीन कश्यप ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो 27 अप्रैल को ग्राम रोजगार सेवक सड़क पर उतरकर बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# डीएम ने गेहूं क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने गुरुवार को नवीन मंडी स्थल पर गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुविधाओं को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र पर किसानों के लिए बेंच, गुड़-चना, स्वच्छ पेयजल, छाया समेत अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। नमी मापक यंत्र, तिरपाल और बारदाने की उपलब्धता की जांच की और अधिकारियों को इनकी पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# गर्मी में न हो बिजली समस्या, व्यवस्थाएं करें दुरुस्त

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता (वितरण) बरेली क्षेत्र-प्रथम ज्ञान प्रकाश ने गुरुवार को वितरण मंडल बरेली के सभागार में वाणिज्यिक और तकनीकी बिंदुओं की समीक्षा बैठक की।

बैठक में राजस्व वसूली, झटपट पोर्टल, निवेश मित्र, बिजनेस प्लान 2025-26 के तकनीकी क्लोजर, 2024-25 में पूर्ण कार्यों के टीपीआईए निरीक्षण के लंबित प्रपत्रों, जमा मद, अपूर्ण कार्यों, वितरण परिवर्तकों पर फ्यूज बॉक्स स्थापना, फ्यूज वायर की उपलब्धता और स्कूल लाइन शिफ्टिंग जैसे मुद्दों की समीक्षा की गई।

मुख्य अभियंता ने गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही 1912 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा झटपट पोर्टल के आवेदनों पर निर्धारित समय में नए कनेक्शन जारी करने को कहा गया। ट्रांसफार्मर क्षति कम करने, स्कूल लाइन शिफ्टिंग और लंबित टीपीआईए प्रपत्र शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### परीक्षा फॉर्म में त्रुटि सुधार का अंतिम अवसर

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों के भरे गए परीक्षा फॉर्म में विषय संबंधी या अन्य कोई त्रुटि रह गई है। इसके समाधान के लिए शुक्रवार को महाविद्यालय कार्यालय में संपर्क करें। त्रुटि सुधार का कार्य शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकरण के लिए शुक्रवार अंतिम तिथि है। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### जाट महासभा के जिला अध्यक्ष का किया सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** अंतराष्ट्रीय जाट दिवस के अवसर पर बरेली के जिला अध्यक्ष संजय तेवतिया का गौतम बुद्ध नगर जाट महासभा की ओर से सम्मान किया गया। बरेली से पहुंचे सभी प्रतिनिधियों का केंद्रीय कमेटी की ओर से आभार प्रकट किया गया। राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. शक्ति सिंह ने कहा कि बरेली इकाई संगठन को मजबूत करने में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह जाट समेत कई पदाधिकारी शामिल रहे।

# नारी शक्ति ही देश की असली ताकत: डॉ. लता

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार को लेकर किया कार्यक्रम, स्कूटी रैली निकालकर किया जागरूक

- **पदयात्रा, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता और मानव श्रंखला जैसी गतिविधियां की गईं**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



स्कूटर से निकाली जाती जागरूकता रैली। ● अमृत विचार



नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जागरूक करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म एवं बीआईयू कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में गुरुवार को जागरुकता कार्यक्रम में पदयात्रा, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता और मानव श्रंखला जैसी गतिविधियां की गईं।

प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि नारी को दो अधिकार, तभी होगा देश सशक्त और तैयार। विश्वविद्यालय की कुलपति डा. लता अग्रवाल ने कहा कि नारी शक्ति ही देश की असली ताकत है। कार्यक्रम की शुरुआत पदयात्रा से हुई। जिसमें छात्रों ने नारी सशक्तिकरण और महिला अधिकारों से जुड़े नारों के साथ परिसर और आसपास के क्षेत्रों में रैली निकाली। उसके बाद आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में समाज में महिलाओं की भूमिका और अधिकारों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। मानव श्रंखला के माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व को उजागर किया गया। तान्या सिंह, यांका गंगवार, सलोनी गुप्ता, शिवांशु सिंह, रुबी नूर, विकास पटेल, अनुजा कुशवाहा, विकेश यादव, दीपांश गंगवार, शिवोम, हिमेश कुमार, हर्षित पटेल, प्रिया झा, जैनब फातिमा, सना फातिमा, नितिन मौर्य, अकबर हुसैन, अभिनव आर्य, दीपक सिंह, दक्ष गुप्ता, अंश तोमर, प्रिंस राठौर, ध्रुव अग्रवाल, लक्ष्य वर्मा, दुर्गेश मौर्य, मनीषा जोशी, अंचल सिंह समेत आचार्य अतुल बाबू, शालिनी सिंह, शिवानी मिश्रा, चमन बाबू समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

वहीं बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा बुधवार को नारी शक्ति वंदन प्रचार अभियान के तहत स्कूटी रैली निकाली। प्रधानाचार्य डा. प्रियंका ए मसीह, उप प्रधानाचार्य डा. अनीता पी ने हरी झंडी दिखाई। संचालन प्रोफेसर डॉ. वेल्लादुरई नारायनन ने किया। असिस्टेंट प्रोफेसर एवं नर्सिंग ट्यूटर वैभव सिंह के मार्गदर्शन में रैली स्पोर्टस स्टेडियम से शुरू होकर बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट होते हुए गांधी उद्यान तक निकाली गई। छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और महिलाओं का सम्मान देश का अभियान, महिलाओं की हिस्सेदारी-राष्ट्र निर्माण में भागीदारी जैसे संदेशों वाले पोस्टर और बैनर प्रदर्शित किए। रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने शहरवासियों को महिला सशक्तिकरण के महत्व से अवगत कराया और समाज में समानता एवं सम्मान की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

### आरक्षण से राजनीति में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मैत्रेयी महिला छात्रावास में गुरुवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। छात्रावास की वार्डन प्रो. निवेदिता श्रीवास्तव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। इससे देश की महिलाओं की राजनीति में भागीदारी में वृद्धि होगी। आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं और अच्छा से अच्छा कर दिखाने की उनमें इच्छा है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय है। यह महिलाओं को नीति निर्माण में सीधी भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा।

### चाइल्ड केयर बिशप सीनियर सेकेंडरी स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बरेली, अमृत विचार :** हरुनगला स्थित चाइल्ड केयर बिशप सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने कक्षा 10 के परीक्षा परिणामों में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। आदित्य राठौर ने 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। युतिका और आराध्या सिंह ने 96 .6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पाया। आलिमा ने 95 .2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

### बीएल इंटरनेशनल स्कूल में शत-प्रतिशत परिणाम



**बरेली, अमृत विचार :** बीएल इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अंश उपाध्याय ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर अपेक्षा सक्सेना व हर्ष दिवाकर ने संयुक्त रूप से 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता, डायरेक्टर वरुण गुप्ता व योगीश गुप्ता ने विद्यार्थियों को बधाई दी ।

### बासुबरल के मेधावियों ने किया गौरवान्वित




**बरेली, अमृत विचार :** बासुबरल सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। निखिल मौर्य ने 96 .6% अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके साथ ही तनिष्का शर्मा ने 91 .2%, प्रतिभा ने 87 .6%, आरुषी मौर्या ने 83 .2% और आदि चौधरी ने 82 .8% अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया। प्रधानाचार्या जूही शर्मा ने सभी मेधावियों को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मरकरी एजुकेशन के छात्रों ने लहराया परचम



**बरेली, अमृत विचार :** मरकरी एजुकेशन कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10 में शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रा साची अग्रवाल ने 97 .8 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अन्य टॉपर्स में कृष्णा अग्रवाल 94 .6 प्रतिशत, वंश अग्रवाल 94 .2 प्रतिशत, माधव अग्रवाल 93 .6 प्रतिशत, कृति अग्रवाल 93 प्रतिशत, वंश दागा 92 .2 प्रतिशत, अनुष्का खंण्डेलवाल 91 प्रतिशत, पारखी गर्ग 90 प्रतिशत, गौरिका गर्ग 90 प्रतिशत, नदिनी शर्मा 90 प्रतिशत, यश अग्रवाल 88 .2 प्रतिशत, शौर्य शर्मा 87 .8 प्रतिशत, तनिष मिश्रा 86 प्रतिशत, सिब्दी तिवारी 84 प्रतिशत, अनन्या अग्रवाल 82 .2 प्रतिशत तथा आदित्य चतुर्वेदी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कोचिंग के डायरेक्टर विवेक अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष भी 10वीं कक्षा में बरेली का सेकंड टॉपर मरकरी से ही था।

# नारी शक्ति सम्मेलन को भाजपा ने कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, बरेली


भाजपा कार्यालय पर बैठक करते महानगर अध्यक्ष। ● अमृत विचार

- **नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की**

**अमृत विचार:** भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी। शुक्रवार से सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान नारी शक्ति सम्मेलन में मुख्य अतिथि शामिल होंगी।

महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना है। कैंट विधानसभा का नारी शक्ति सम्मेलन सुबह 10 बजे से पीलीभीत बाईपास स्थित गोल्डन फार्म में होगा। शहर विधानसभा नारी शक्ति सम्मेलन दोपहर 2 बजे निर्मल रिसोर्ट मिनी बाईपास में होगा। शनिवार की सुबह 8 बजे से छत्रपति शिवाजी चौक, राजेंद्र नगर से शहीद पंकज अरोड़ा चौक तक आयोजित मातृ शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा के समापन बाद शहीद पंकज अरोडा चौक से छत्रपति शिवाजी चौक तक नारी शक्ति श्रंखला बनाई जायेगी। दोपहर में 2 बजे महात्मा ज्योतिबा फूले विश्वविद्यालय के अटल सभागार में टाउन हॉल कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मुख्य अतिथिउच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी होंगी। बैठक में डॉ. सीपीएस चौहान, गुलशन आनंद, अनिल कुमार एडवोकेट, डॉ. तृप्ति गुप्ता, डॉ. आदेश गंगवार, प्रभुदयाल लोधी, अमरीश कठेरिया, राज किशोर कश्यप, प्रवेश वर्मा, डॉ. रामचंद्र मौर्य, वैभव शर्मा, विष्णु शर्मा, राजीव साहनी, अजय चौहान, राधे गुर्जर, योगेन्द्र कुमार, जेपीएस पाल, रितेश मोहन गुप्ता, मनजीत सिंह नागपाल, राकेश सागर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिस्ड कॉल अभियान चलाया


अभियान के दौरान छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, द्वारा नारी शक्ति अधिनियम 2023 के तहत मिस्ड कॉल अभियान चलाया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर आकांक्षा अवस्थी ने महिलाओं के अधिकारों, कानूनी सुरक्षा तथा समाज में उनकी भूमिका के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने भी इस पहल की सराहना की। फैकल्टी के सदस्य सुजाता कटियार, मुस्कान मलिक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार मौजूद रहे।



| 97 . 2 प्रतिशत | 93 . 6 प्रतिशत | 97 .4 प्रतिशत | 91 .6 प्रतिशत | 94 .6 प्रतिशत | 96 .8 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| एकांश मिश्रा | अनन्या चौमुवाल | रिद्धि वशिष्ट | सिद्धि वशिष्ट | कृष्णा अग्रवाल | दीपांश |
| बीबीएल | जीआरएम | चिक्कर इंटरनेशनल | चिक्कर इंटरनेशनल | जीआरएम स्कूल | माधवराव सिंधिया |

# बरेली कॉलेज में बाबा साहब के विचारों पर किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **डॉ. आंबेडकर सामाजिक समरसता के बुनियादी व्यक्तित्व : मनोज थपलियाल**

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, दर्शन और विचारों पर विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को बरेली कॉलेज के सेमिनार रूम में किया गया।

दर्जा राज्यमंत्री मनोज थपलियाल ने डॉ. आंबेडकर को सामाजिक समरसता का बुनियादी व्यक्तित्व बताया। मुख्य वक्ता योगेश बंटी ने महिलाओं के अधिकारों के लिए आंबेडकर के योगदान को रेखांकित किया। सैन्य अध्ययन के प्रभारी प्रो. एमपी. सिंह ने डॉ. आंबेडकर को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा पहरुआ कहा। संयोजन और संचालन शैक्षिक सांस्कृतिक परिषद की सचिव प्रो. नीलम गुप्ता ने किया। जिला अध्यक्ष बरेली अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ योगेश बंटी और अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह के अध्यक्ष अरविंद बाल्मीकि ,बड़ी संख्या में विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

# चित्रकारों ने उकेरीं अपनी भावनाएं

- **चित्रकला प्रदर्शनी में 50 चित्रकारों की 70 कलाकृतियां प्रदर्शित**

कार्यालय संवाददाता, बरेली


प्रदर्शनी में चित्र देखते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विश्व कला दिवस के अवसर पर चित्रकार संघ बरेली एवं भारती सोसाइटी उत्तर प्रदेश की तरफ से स्थानीय युग वीणा स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में महान चित्रकार लिओनार्दो दा विंची के जन्मदिन को समर्पित चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी के संयोजक एवं सचिव डॉ. अजय रघुवंशी ने बताया कि इसमें 10 राज्यों के लगभग 50 चित्रकारों की 70 कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। पुणे की सोना शर्मा की 'शिवा' ऊर्जा का प्रतीक रही, उदयपुर की राखी मित्तल ने 'समुद्र मंथन' को कैनवास पर उकेरा। ग्वालियर की अर्चना कुमारी ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित ''तीन महिलाएं'' प्रस्तुत की। बरेली की अलका श्रीवास्तव ने नारी के विभिन्न रूपों व पीड़ा को दर्शाया। अन्य कलाकारों में ज्योति रानी, अजय वर्मा, गुरचरण सिंह सहित कई चित्रकारों की कृतियां सराही गईं। बाल कलाकार निपुण सिंह और तरुण के पोट्रेट्स भी आकर्षण का केंद्र रहे।

# 1211 ग्रामों में जल आपूर्ति की गई शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **डीएम ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा, जन प्रतिनिधियों ने दिए सुझाव**

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन कार्यक्रम की गुरुवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में समीक्षा की गयी। डीएम अविनाश सिंह ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की ओर से बताई कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। सामान चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिनिधियों से भी सहयोग मांगा।

बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण कुमकुम गंगवार ने बताया कि 876 पेयजल योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को हर घर जल से संतृप्त किया जाना है। अब तक 1805 ग्रामों में से 1211 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति शुरू हो चुकी है। 8629 किलोमीटर लक्ष्य के सापेक्ष 8346 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। साथ ही 892 पंप हाउसों में से 856 पूर्ण हो चुके हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद में कुल 877 ओवरहेड टैंक प्रस्तावित हैं, जिनमें से 875 पर कार्य प्रगति पर है। इनमें से 403 ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा हो चुका है । बैठक में सोलर पैनल, केबल, इन्वर्टर और बैटरियों की चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई गई और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शुद्ध पेयजल स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है और जल का संरक्षण भी जरूरी है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

**आवश्यकता है**
- **नर्स** ANM/GNM
- **पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट** (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- **रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर**
- **वार्ड बॉय/वार्ड आया**

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

### जल संरक्षण एवं अर्बन वाटर फुटप्रिंट पर संगोष्ठी आयोजित

**बरेली, अमृत विचार:** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को जल संरक्षण पर संगोष्ठी में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के फील्ड एसोसिएट अक्षत शर्मा ने बढ़ते शहरीकरण के बीच गिरते जलस्तर पर चिंता व्यक्त की। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरभि श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के प्राध्यापक और भारी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# एमजेपीआरयू ने जारी की स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं की डेटशीट

- **29 अप्रैल से शुरू होंगी परीक्षाएं चतुर्थ सेमेस्टर 26 मई और छठा सेमेस्टर 13 जून तक**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक सम सेमेस्टर (चतुर्थ व छठे) की मुख्य व बैक परीक्षाओं की प्रस्तावित डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 29 अप्रैल से शुरू होकर 13 जून तक चलेंगी। विश्वविद्यालय की ओर से द्वितीय सेमेस्टर की डेटशीट बाद में जारी की जाएगी।

परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 3 से 5 बजे तक होंगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 मई को समाप्त हो जाएंगी। छठे सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा 13 जून को होगी। कोकरिकुलर व वोकेशनल विषयों की परीक्षाएं केवल बैक पेपर छात्रों के लिए आयोजित होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, बदले गए विषयों की परीक्षाएं संबंधित कॉलेज आंतरिक स्तर पर कराएंगे। 29 अप्रैल को बीए चतुर्थ व छठे सेमेस्टर में संगीत, कोरियोग्राफी, पर्शियन समेत विभिन्न विषयों की परीक्षाओं से शुरुआत होगी। अप्रैल और मई में विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रमुख परीक्षाएं निर्धारित की गई हैं। बीए, बीएससी, बीकॉम व बीबीए के अलग-अलग विषयों की परीक्षाएं 30 अप्रैल, 1 मई और आगे तय तिथियों पर कराई जाएंगी। अधिकांश चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षाएं 26 मई तक समाप्त होंगी। कुछ छठे सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं मई अंत तक पूरी हो जाएंगी।

### लंबित परिणाम वाले छात्रों को फॉर्म भरने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने गुरुवार को परीक्षा परिणाम में अंक लंबित, परिणाम अपूर्ण अथवा अनुपस्थित दर्शाए गए छात्र-छात्राओं से कहा कि वे कक्ष संख्या 37 से आरडी और पीडी फॉर्म प्राप्त कर उसे भरकर आवश्यक दस्तावेज के साथ जमा करें। फॉर्म काउंटर संख्या 16 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा किए जा सकेंगे।

## सिटी डायरी

### नीलकंठ मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का समापन



**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित नीलकंठ मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा का गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हवन और भंडारे के बाद आयोजन का समापन हो गया। हवन में समिति के समस्त पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करते है। समिति के संरक्षक पार्षद सतीश कातिब, अध्यक्ष पवन अरोड़ा, मीडिया प्रभारी आयुष अग्रवाल, तेजस अरोड़ा, हर्षित अरोड़ा, सुमित चावला, विशाल आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षिकाओं ने बच्चों को खेल-खेल में टेबल मैनर्स सिखाए




**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रेज स्कूल में गुरुवार को प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए डाइनिंग शिष्टाचार (टेबल मैनर्स) सिखाने के लिए गतिविधि का आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी सेक्शन की हेड शिक्षिकाओं ने बच्चों को खेल-खेल में टेबल मैनर्स सिखाए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. केए वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय और कार्यकारी निदेशक डॉ. नवनीत कृष्ण ने प्रशंसा की। प्रबन्ध समिति के सदस्य ई. देवेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. बीरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रतीक्षा, विमला मनराल, नूपुर शर्मा, साधना सिंह, मान्सी अरोरा, प्रिया खण्डूजा, रिम्पी सक्सैना, प्रिया, प्रियंका पाराशरी, अवधेश सक्सेना, ज्ञानेश्वर आचार्य आदि का सहयोग रहा।

### बरेली राइफल क्लब के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली राइफल क्लब के खिलाड़ियों ने अयोध्या स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित 29वीं उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार निशाना साधते हुए राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। सिद्धि सिंह ने 400 में 363 अंक, रिया मौर्य ने 334, विहान रस्तोगी ने 323 और अमित कुमार ने 278 अंक हासिल किए। सबसे कम उम्र की शूटर छन्नप्रिया भास्कर ने भी 176 अंक हासिल किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्लब पदाधिकारियों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जेपीएम पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**बरेली, अमृत विचार :** सीबीएसई के घोषित कक्षा 10वीं के परिणामों में जेपीएम पब्लिक स्कूल नैनीताल रोड के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने बताया कि मनाहिल फातिमा ने 95 .40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियांक शर्मा 94 .60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और रिया कुमारी 90 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। संस्थान के चेयरमैन योगेश पटेल, मैनेजर रेखा पटेल, प्रबंध निदेशक आर्किटेक्ट वैभव पटेल और डायरेक्टर शिखा पटेल, शिक्षाविद जेवी सिंह, राजीव बग्गा, जेपीएम कॉलेज के निदेशक डॉ. मनोज काण्डपाल, डॉ. ललित सिंह, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।